दिनांक 27.07.2018

स्वच्छ भारत अभियान **स्वच्छ एवं सुदर भिलाई**

जोन 01 नेहरु नगर वार्ड क्र. 12 के पार्षद भोजराज सिन्हा जोन अध्यक्ष निर्वाचित किये गये

भिलाईनगर/नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त श्री के0एल0 चौहान ने वार्ड 03 के सम्मानित पार्षद एवं जोन 01 वार्ड समिति के तात्कालीन अध्यक्ष स्व. राकेश अरोरा जी का आकस्मिक निधन दिनांक 23.06.2018 को हो जाने के कारण उक्त पद को भरे जाने हेतु नियमानुसार निर्वाचन की कार्यवाही किये जाने हेतु जोन क्र. 01 नेहरु नगर के जोन आयुक्त श्री संजय बागड़े को निर्वाचन कार्य सम्पन्न कराने हेतु प्राधिकृत अधिकारी नियुक्त किया गया था।

निर्वाचन अधिकारी श्री संजय बागडे के द्वारा वार्ड समिति जोन 01 के अध्यक्ष के निर्वाचन के लिए छ0ग0 नगर पालिक अधिनियम 1956 की धारा–48–क के तहत् वार्ड समितियों का गठन हेतु निर्वाचन के लिए अधिनियम में उल्लेखित प्रावधान के अनुसार आज नेहरु नगर कार्यालय में वार्ड समिति के अध्यक्ष पद के निर्वाचन हेतु सम्पूर्ण आवश्यक व्यवस्था निर्धारित समय में प्रारम्भ कराई गई।

जोन अध्यक्ष के प्रत्याशी के रुप में वार्ड 12 के पार्षद श्री भोजराज सिन्हा नामांकन पत्र प्रस्तुत किया। जिसके प्रस्तावक पार्षद श्री दीपक रावना एवं समर्थक पार्षद श्री दिनेश यादव थे। निर्वाचन अधिकारी के समक्ष निर्धारित समय तक अन्य पार्षदों के द्वारा नामांकन प्रस्तुत नहीं किया गया। तद्पश्चात् निर्वाचन अधिकारी श्री संजय बागड़े ने जोन अध्यक्ष के पद पर श्री भोजराम सिन्हा के नामांकन को स्वीकार करते हुए जोन अध्यक्ष के पद पर निर्वाचित होने की घोषणा की।

जन सम्पर्क अधिकारी